प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जयपुर दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दादिया गांव में जनसभा स्थल की तैयारियों का जायजा लेंगे। इस दौरान उच्चाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। जनसभा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है, जिसे देखते हुए यातायात और सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं।
भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही राज्य की जनता में उत्साह देखा जा रहा है।

.............

प्रधानमंत्री श्री मोदी कल जयपुर दौरे पर रहेंगे। वे दादिया गांव में पार्वती–कालीसिंध–चंबल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना–पीकेसी–ईआरसीपी का शिलान्यास करेंगे। इस दौरान श्री मोदी प्रदेशवासियों को एक लाख करोड रुपये से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। प्रधानमंत्री वहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

000

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर सैनिकों के साहस और बलिदान को नमन करते हुए अपने संदेश मे कहा कि सैनिकों के निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने राष्ट्र की रक्षा की और उसे गौरव दिलाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विजय दिवस को भारतीय सशस्त्र सेनाओं की अतुलनीय वीरता, अदम्य साहस, अटल संकल्प और राष्ट्र के प्रति अविचल निष्ठा का अमिट अध्याय बताया है।

विजय दिवस पर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहीदों को नमन किया जा रहा है।
बालोतरा में 1971 के युद्ध के दौरान शहीद होने वाले सिविलियन छगन मेघवाल के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छगन मेघवाल सिविलियन चालक थे, जो युद्ध सामग्री पहुंचाने के लिए बॉर्डर पर गए थे। इस दौरान हुई बमबारी में वे शहीद हुए थे।

जैसलमेर के सोनार दुर्ग में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। दुर्ग में 128वीं पैदल वाहिनी प्रादेशिक सेना पर्यावरण के जवानों ने दर्शनीय स्थलों पर साफ–सफाई की। अभियान में नगर परिषद और आम लोगों ने भी हिस्सा लिया।

गौरतलब है कि 1971 में आज ही के दिन पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल ए ए खान नियाजी ने 93 हजार सैनिकों के साथ भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के सामने बिना शर्त आत्मसमर्पण कर दिया था। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान एक अलग देश बांग्लादेश बना।

000

राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 के लिए आज से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए अभ्यर्थी 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित की जाने वाली ये परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में करवाई जाएगी। परीक्षा अगले साल 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बोर्ड के सचिव कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि प्राप्त आवेदनों की

संख्या के आधार पर जिलेवार परीक्षा केन्द्र बनाए जाएंगे। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

000

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर बना हुआ है। कई जगहों पर शीतलहर चलने से ठिठुरन बढ़ गई है। अधिकांश स्थानों पर गलनभरी सर्दी का अहसास होने लगा है। सीकर के फतेहपुर में आज भी पारा माइनस में रिकॉर्ड किया गया। भरतपुर में तेज सर्दी से आमजन के साथ–साथ पशु पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। ठंड से बचने के लिए लोग सुबह–शाम अलाव का सहारा ले रहे हैं।

सवाईमाधोपुर में खुले मैदानों में कई स्थानों पर बर्फ की परत जमी हुई देखी गई। झुंझुनूं में भी अल सुबह खेतों में पाइप, फसल और मेड पर बर्फ की परत नजर आई।

000